शिक्षण संस्थानों में युवाओं को देंगे रोजगारपरक नीतियों की जानकारी

सीएम योगी ने गठित की पूर्व नौकरशाहों व शिक्षाविदों की टीम

कहा, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सबसे अधिक लाभ युवाओं को

लखनऊ। प्रदेश के पूर्व नौकरशाह, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी और शिक्षाविद् तीन से पांच फरवरी तक विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में युवाओं को सरकार की रोजगारपरक नीतियों से परिचित कराएंगे। युवाओं को अपना स्टार्टअप शुरू करने और उद्यमी बनने के गुर भी सिखाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए 12 सेवानिवृत्त आईएएस, 6 रिटायर्ड आईपीएस, 6 सेवानिवृत्त आईएफएस और 24 शिक्षाविदों की टीम गठित की है। इस टीम को मंगलवार को मुख्यमंत्री ने एजेंडा सौंपते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सबसे अधिक लाभ युवाओं को होगा। उनके लिए लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे न केवल प्रदेश में रह रही युवा शक्ति को अपने शहर के आसपास रोजगार मिलेगा, बल्कि रोजगार के सिलसिले में प्रदेश छोड़कर देश या विदेश गए युवाओं को भी अपने राज्य में लौटने का अवसर मिलेगा। युवा पलायन के लिए विवश नहीं होंगे। सरकार युवाओं को जोड़ने के लिए मिशन मोड पर काम करेगी। ब्यूरो

>> संबंधित पेज 3 पर